ई-मेल/ऑनलाइन अपलोड


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, गौचर (चमोली)।

Phone/Fax No. :- 01363-240614

Email:-eepwdgauchar@gmail.com


पत्रांक– 817 /1सी0 (वन)

दिनांक 28/05/2021

सेवा में,

उपवन संरक्षक

केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग

गोपेश्वर।

विषयः– **मा0मु0घो0 सं0 1471/2015 मे राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धानई तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 0.910 हे0 वन पंचायत भूमि एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.030 हे0 कुल 0.940 हे0 वन पंचायत भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

सन्दर्भः– **आपका ऑनलाइन ई0डी0एस0 दिनांक 06.5.2021 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक स0 2736 /FP/UK/ROAD /38601/2019 दिनांक 6.5.2021**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि देवल से धानई मोटर मोटर मार्ग मा0मु0घो0 सं0 1471/2015 के अन्तर्गत आच्छादित है। यह मोटर मार्ग Google Map/Google Earth में कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग के कि0मी0 27 में दृष्टिगौचर है। इस सम्बन्ध में आपको यह अवगत कराना है कि धानई ग्राम जिसके लिये यह मोटर मार्ग प्रस्तावित है कि अधिकत्तर जनसंख्या/आबादी मोटर मार्ग से काफी ऊचाई पर आच्छादित है। इसके अतिरिक्त मोटर मार्ग से सम्बन्धित अति–आवश्यक तथ्य निम्नवत् हैः–

1– यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी (राज्य मार्ग) से 2.00 कि0मी0 एवं वर्तमान में निर्मित नौटी–छातौली–कल्याणी–चौरासैंण (PMGSY के अन्तर्गत) से लगभग 2.25 कि0मी0 मोटर मार्ग की दृष्टि से दूरी पर स्थित है।

2– इस ग्राम को मोटर मार्ग का लाभ पहुचाने हेतु चयनित संरेखण उपयुक्त है। जो कि सीधे कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी (राज्य मार्ग) से जुडा हुआ है। जो कि आर्थिक दृष्टि से भी ग्रामीणों हेतु लाभप्रद है।

3– वर्षा के समय में गर्भवती महिला/बीमार व्यक्तियों को मोटर मार्ग तक पहुँचने में 40 से 45 मिनट का समय लग जाता है। जबकि मोटर मार्ग बनने के उपरान्त यह समय मात्र 10 से 15 मिनट का होगा, जिससे ग्रामीणों को जीवन बचाने में अत्यन्त सहायता मिलेगी।

4– यह मोटर मार्ग ग्रामीणों की सहमति एवं वन सरपंच की अनुमति के बाद न्यूनतम वृक्षों के पातन को ध्यान मे रखते ही चयनित किया गया है। अन्य कही से भी संरेखण ले जाने पर अन्य ग्रामसभा द्वारा सहमति भी नहीं दी जा रही है तथा स्थल भी उपयुक्त नहीं है एवं वृक्षों की संख्या भी अधिक आयेगी।

अतः महोदय से अनुरोध है कि की उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये पहाड़ की भौगोलिक एवं विषम परिस्थिति एवं जीवन संबंधी आवश्यकता होने के कारण इस मोटर मार्ग की स्वीकृति हेतु विचार करने की कृपा करें।

भवदीय

28/05/21

अधिशासी अभियन्ता

निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 गौचर

28/5/2021

पत्रांक /1सी0 वन तद्दिनांक

प्रतिलिपि– सहायक अभियन्ता प्रथम निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 गौचर को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 गौचर